न्यायालय, भूमि सुधार उप समहार्त्ता, बुण्डू (राँची)

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या–35/2018–19

अन्नापूर्णा जायसवाल...अपीलार्थी

बनाम

अंचल अधिकारी, बुण्डू...प्रतिवादी

आदेश की क्रम सं. एवं तारीख	आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गयी टिप्पणी तारीख सहित
28.07.18	अपीलार्थी अन्नापूर्णा जायसवाल, पति–श्री सुदर्शन जायसवाल, ग्राम–थाना रोड बुण्डू, डाकघर–बुण्डू थाना–बुण्डू, जिला–राँची ने अंचलाधिकारी, बुण्डू के द्वारा नामांतरण मुकदमा सं०–242 R27/2017-2018/बुण्डू में दिनांक–06/03/2018 को पारित आदेश के विरूद्ध यह अपील दायर किया है। जिसके द्वारा निम्न भूमि का नामांतरण अस्वीकृत किया गया।	

भूमि विवरणी

मौजा	थाना/थाना सं०	खाता सं०	खेसरा सं०	रकवा
गोसाईंडीह	बुण्डू/0013	02	302	74.5 डीसमील

अपीलार्थी को सुनकर सुनवाई हेतु इस अपील वाद को ग्रहण किया गया। अपीलार्थी का कहना है कि उपरोक्त वर्णित भूमि मैंने श्री शक्तिधर अधिकारी, पिता स्व० रामेश्वर अधिकारी, ग्राम–गोसाईंडीह, डाकघर–बुण्डू, थाना बुण्डू, जिला राँची से निबंधन विक्रय पत्र सं०–470/457 द्वारा दिनांक–12/12/2017 को क्रय कर उक्त भूमि के नामांतरण हेतु अंचल कार्यालय, बुण्डू में आवेदन दिया जिसे निबंधन संख्या गलत है बताकर खारिज कर दिया गया।

अपीलार्थी द्वारा इस वाद में समर्पित निम्न न्यायालय द्वारा नामांतरण मुकदमा सं०–242 R27/2017-2018/बुण्डू में दिनांक–06/03/2018 को पारित आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया। अंचलाधिकारी, बुण्डू के प्रतिवेदनानुसार नामांतरण आवेदन ऑनलाइन प्राप्त है, जिसमें निबंधन संख्या गलत दर्ज है। अतः इस स्थिति में नामांतरण अस्वीकृत किया गया है। अपीलार्थी द्वारा समर्पित दस्तावेजों के अवलोकनोपरांत ज्ञात होता है कि लिपिकीय भूल के कारण ऑनलाईन आवेदन में निबंधन संख्या गलत दर्ज हुआ एवं नामांतरण अस्वीकृत किया गया।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आधार पर अपीलार्थी के आवेदन को स्वीकृत किया जाता है एवं अंचलाधिकारी, बुण्डू को इस निदेश के साथ प्रतिप्रेषित (REMAND) किया जाता है कि उक्त लिपिकीय भूल सुधार करते हुए अपीलार्थी को सुनकर उनके द्वारा समर्पित दस्तावेजों की जाँच पड़ताल करते हुए नए सिरे से विधि सम्मत आदेश पारित करना सुनिश्चित करेंगे।

इस आदेश की प्रतिलिपि को अंचल अधिकारी, बुण्डू को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करें।

लेखापित एवं संशोधित।

28/07/18

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बुण्डू(राँची)।

28/07/18

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
बुण्डू(राँची)।